खेल के हिस्से

1) नियम तख्ती (इस बोर्ड पर खेल के नियमों और विधेयकों को पास करने के प्रत्येक चरणों को समझाया गया है)

2) गेम बोर्ड (यह बोर्ड वह मुख्य बोर्ड है जहाँ आप खेलेंगे)

3) एक्शन कार्ड (ये ऐसे कार्ड हैं जो आपको अपनी बारी आने पर आगे खेलने, कदम उठाने, समझौते करने और वोट हासिल करने में सक्षम बनाते हैं)

4) समिति कार्ड (विधेयकों को पास करने के समिति चरण को पार करने के लिए ज़रूरी कार्ड)

5) राज्य सभा कार्ड (विधेयक पास करने के राज्य सभा चरण को पार करने के लिए ज़रूरी कार्ड)

6) राष्ट्रपति का मंज़ूरी कार्ड (विधेयक पास करने के लिए राष्ट्रपति के मंज़ूरी वाले चरण को पार करने के लिए ज़रूरी कार्ड)

7) वोट टोकन (ये ऐसे टोकन हैं जो आपको हासिल कुल वोटों की संख्या बताते हैं। ये वोट एक्शन कार्डों के मुताबिक़ हासिल होते हैं या फिर गँवाए जाते हैं)

8) खिलाड़ियों का आधार (x खिलाड़ियों की संख्या) (यह आधार आपको अपना सिनेरियो लिखने, अपने विधेयक का मसौदा बनाने, वोट जुटाने, साथ ही साथ अपने एक्शन, समिति और राज्य सभा कार्ड रखने में सक्षम बनाता है)

9) सिनेरियो कार्ड (यह ऐसे कार्ड हैं जो सिनेरियो यानी परिदृश्यों से संबंधी संकेत प्रदान करते हैं जिसके आधार पर आप अपने विधेयक बना सकते हैं)

10)खिलाड़ी मार्कर (x खिलाड़ियों की संख्या) (प्रत्येक खिलाड़ी के लिए चिह्न)

विधेयक अधिनियम बनता है

शुरू में पेश किया गया विधेयक अधिनियम बन कर कानून का रूप हासिल करता है।

यहाँ रुकें

सही प्रक्रिया यह है कि लोकसभा में बहुमत प्राप्त होने के बाद (तीसरे पाठ के बाद और दूसरे सदन में जाने से पहले) विधेयक को राज्य सभा में भेजा जा सकता है। लेकिन खिलाड़ी ज़रूरी न्यूनतम वोट जमा कर सकें इसलिए हमने खेल में इस स्थिति में बदलाव किया है और इस शर्त को बाद के चरण में रखा है।

भारत का राजपत्र

राजपत्र में प्रकाशन

मंज़ूर होने वाला अंतिम अधिनियम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होता है।

विधेयक का मसौदा तैयार करना

किसी विधेयक का मसौदा संबंधित मंत्रालय द्वारा विधि और न्याय मंत्रालय के साथ मिलकर तैयार किया जाता है।

संसद में पेश करना

विधायी प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर तब शुरू होती है जब विधेयक को संसद में पेश किया जाता है। एक साधारण विधेयक संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है।

भारत के राजपत्र में प्रकाशित करना (पहला पाठ)

भारत का राजपत्र एक सार्वजनिक सरकारी पत्रिका है जो हर सप्ताह प्रकाशित होती है। राजपत्र में इसको प्रस्तुत और प्रकाशित करने को विधेयक का पहला पाठ कहा जाता है।

समिति चरण

अगर सदन द्वारा प्रस्ताव मंज़ूर कर लिया जाता है, तो पीठासीन अधिकारी विधेयक को विभाग से संबंधित स्थायी समिति को भेज सकते हैं। समिति सांसदों के एक छोटे-से समूह से बनी होती है और वह विधेयक पर बारीकी से विचार करती है।

अगर आप समिति चरण पर पहुँचते हैं, तो आपको ये कदम उठाने होंगे:

1. आपकी ठीक बाईं ओर का खिलाड़ी समिति की भूमिका निभाता है।

2. समिति के खिलाड़ी की पहचान हो जाने के बाद, वे समिति कार्ड के ढेर से एक कार्ड उठाएँगे।

3. कार्ड यह तय करेगा कि समिति चरण को पार करने के लिए आपको क्या करना होगा।

उद्देश्य

इस गेम का मक़सद संसद में अपना विधेयक पारित कराना है। इसके लिए आपको विभिन्न चरणों से गुज़रना होगा और साधारण बहुमत के लिए ज़रूरी 272 वोट जुटाना होगा। जो पहला खिलाड़ी 272 या उससे अधिक वोटों के साथ 'विधेयक अधिनियम बनता है' चरण तक पहुँचता है, वह गेम जीत जाता है।

स्पष्टीकरण

इस गेम की प्रेरणा संसद से ली गई है। हमारा उद्देश्य खिलाड़ियों को संसदीय नियमों और कार्रवाइयों से परिचित कराना है, लेकिन गेम को दिलचस्प बनाने के लिए हमने कुछ संसदीय कार्रवाइयों के आपसी रिश्तों को जस का तस पेश करने के बजाए कल्पना का सहारा लिया है। कृपया इस गेम को हू ब हू न लें। हमारा इरादा किसी भी व्यक्ति, समूह या संस्था के प्रति अपमान करने का नहीं है।

सेटअप

1) गेम में हरेक खिलाड़ी लोकसभा सांसद की भूमिका निभाता है। प्रत्येक खिलाड़ी संसद में अपनी अलग पार्टी का प्रतिनिधित्व करता है और उसका नेता है।

2) इसको सुनिश्चित करें कि आपने ऊपर दिए गए 'खेल के हिस्से' के सभी बिंदुओं को प्रिंट करके काट लिया है।
क. आप मुख्य बोर्ड पर खेलेंगे।
ख. नियम तख्ती (इस तख्ती) में प्रत्येक चरण के बारे में समझाया गया है और समिति, विधेयक राज्य सभा को भेजने और राष्ट्रपति की मंज़ूरी के चरणों को लेकर अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।
ग. एक्शन कार्ड, समिति कार्ड, राज्य सभा कार्ड और राष्ट्रपति की मंज़ूरी के कार्ड को अच्छी तरह से फेंट कर मुख्य बोर्ड पर बताई गई जगहों पर उलट कर रखें।

3) प्रत्येक खिलाड़ी के पास एक खिलाड़ी आधार होना चाहिए।

4) प्रत्येक खिलाड़ी को शुरुआती वोट के रूप में 50 वोट मिलते हैं।

5) सिनेरियो कार्डों को फेंटें और गेम के शुरू में एक सीन यानी परिदृश्य चुनें। यह सिनेरियो यानी परिदृश्य आपको सुझाता है कि किस विषय को लेकर विधेयक का मसौदा तैयार करना है। विधेयक सिनेरियो में दी गई चुनौती को हल करने की कोशिश करेगा। एक समूह के रूप में एक सिनेरियो चुनें जो पूरे समूह पर लागू होगा। यह सिनेरियो केवल सांकेतिक है; समूह अपनी पसंद के किसी भी विषय पर अपना विधेयक बनाने का फैसला ले सकता है।

6) प्रत्येक खिलाड़ी को चुने गए परिदृश्य के आधार पर दिए गए प्लेयर बेस में अपने विधेयक का नाम लिखना है।

7) सभी खिलाड़ी मार्करों को 'गेम शुरू करें' पर रखें।

खेलने का तरीका

1) गेम की शुरुआत वह व्यक्ति करे जिसके नाम का पहला अक्षर अंग्रेज़ी वर्णमाला में पहले आता है। इसके बाद घड़ी की सूई घूमने की दिशा में आगे बढ़ें।

2) प्रत्येक खिलाड़ी 'गेम शुरू करें' से शुरू करेगा।

3) जिस खिलाड़ी की बारी है वह:
क. 3 एक्शन कार्ड उठाएगा।
ख. अपने हाथ में मौजूद 3 एक्शन कार्डों में से खिलाड़ी को केवल एक एक्शन कार्ड खेलना है।
ग. एक्शन कार्ड पर दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) चरण 3 के बाद, घड़ी की दिशा में अगला खिलाड़ी चरण 3 को दोहराएगा और इसी तरह आगे के खिलाड़ी भी खेलेंगे।

5) राउंड 1 के बाद, प्रत्येक खिलाड़ी अपनी बारी के दौरान केवल 1 एक्शन कार्ड उठाएगा और अपने हाथ में मौजूद 3 में से केवल 1 एक्शन कार्ड खेलेगा।

6) अगर कोई खिलाड़ी अपने हाथ में मौजूद एक्शन कार्ड बदलना चाहता है, तो वह उन सभी को वापस रख कर एक्शन कार्ड के ढेर में से उनकी जगह उतने ही नए कार्ड उठा सकता है, लेकिन उसे एक बारी छोड़नी होगी। यानी इस बार वह कोई कार्ड नहीं चल सकता है। ध्यान रखें, खिलाड़ी अलग-अलग कार्ड नहीं बदल सकते, उन्हें सभी कार्ड एक साथ बदलना होगा।

7) नियम तख्ती में बताया गया है कि जब आप समिति चरण, राज्य सभा चरण और राष्ट्रपति की मंज़ूरी के चरण पर पहुँचते हैं, तो आपको क्या करना चाहिए।

8) 272 या उससे अधिक वोटों के साथ 'विधेयक अधिनियम बनता है' चरण तक सफलतापूर्वक पहुँचने वाला पहला खिलाड़ी जीत जाता है!!!

नोट: जब भी कोई कार्ड 'एक बारी छोड़ें' कहता है, तो इसका मतलब कि आप ठीक वह बारी नहीं चल सकते हैं, जो आप चलने वाले हैं। यानी कि वर्तमान बारी छोड़नी होगी।

दूसरा पाठ: चरण 1

विधेयक में लिखे गए आम सिद्धांतों पर एक सामान्य चर्चा की जाती है। सदन इसे दोनों सदनों के सांसदों को मिला कर बनी विशेष समिति को भी भेज सकता है।

दूसरा पाठ: चरण 2

सदन में विधेयक के हरेक प्रावधान पर चर्चा की जाती है और इस चरण में, सांसद विधेयक में संशोधन पेश कर सकते हैं। प्रत्येक खंड और प्रत्येक खंड में प्रस्तावित संशोधनों पर मतदान किया जाता है।

तीसरा पाठ

इस चरण में समग्र रूप से विधेयक पर विचार किया जाता है और उस पर मतदान किया जाता है।

राष्ट्रपति की मंज़ूरी

यदि आप राष्ट्रपति की मंज़ूरी के चरण पर पहुँचते हैं, तो ये कदम उठाएँ:

1. आपकी ठीक दाईं ओर बैठा खिलाड़ी राष्ट्रपति की भूमिका निभाता है।

2. राष्ट्रपति की पहचान हो जाने के बाद, यह खिलाड़ी राष्ट्रपति की मंज़ूरी के कार्ड के ढेर से एक कार्ड उठाता है।

3. कार्ड यह तय करेगा कि आपको चरण पार करने के लिए क्या करना होगा।

दोनों सदनों में विधेयक पास हो जाने के बाद, वह राष्ट्रपति के पास उनकी मंज़ूरी के लिए जाता है। जब तक राष्ट्रपति अपनी मंज़ूरी नहीं देते, तब तक कोई विधेयक कानून या अधिनियम नहीं बन सकता।

राज्य सभा के पास भेजना

जिस सदन में इसे पेश किया गया था, वहाँ से पारित होने के बाद, विधेयक दूसरे सदन में जाता है, जहाँ इसको पेश किए जाने वाले चरण को छोड़कर बाक़ी सभी चरणों से गुज़रना होता है।

यदि आप राज्य सभा के मंच पर पहुँच जाते हैं, तो आपको ये कदम उठाने होंगे:

1. आपकी बाईं ओर एक छोड़ कर दूसरा खिलाड़ी, राज्य सभा की भूमिका निभाता है।

2. जब राज्य सभा के खिलाड़ी की पहचान हो जाती है, तो उस खिलाड़ी को राज्य सभा कार्ड के ढेर से एक कार्ड उठाना होगा।

3. कार्ड यह तय करेगा कि आपको चरण पार करने के लिए क्या करना होगा।